DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0140-2940506, 0141-4082630
www.alujaipur.ac.in Email- coe@alujaipur.ac.in

क्रमांक : 4(3) परीक्षा/अविवि/2022–23/723। दिनांकः 25-3-2023

–:सूचनाः–

सत्र 2022–23 के परीक्षा फार्म भरने हेतु परीक्षार्थीयों को दिशा–निर्देश

परीक्षार्थी परीक्षा फार्म व नामांकन/पात्रता फार्म भरने से पूर्व निम्न बिन्दूओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें व तदनुसार परीक्षा फार्म भरें। परीक्षा फार्म भरने से पूर्व समस्त वांछित दस्तावेजों की हार्ड कॉपी, सॉफ्ट कॉपी व फोटो तथा हस्ताक्षर की सॉफ्ट कॉपी तैयार रखें।

1. परीक्षा फार्म में परीक्षार्थी के स्वंय का नाम, पिता का नाम व माता का नाम अंग्रेजी व हिन्दी में अंतिम अर्हकारी परीक्षा के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा भरा गया है, को ही दर्शाया गया है। अक्षरों की मात्राओं में किसी प्रकार का संशोधन होने पर परीक्षा फार्म भरने से पूर्व संबंधित महाविद्यालय से सुधार हेतु सम्पर्क करें।
2. जन्म तिथि का अंकन 10वीं की अंकतालिका अथवा जन्म प्रमाण–पत्र के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। प्रमाणस्वरूप दस्तावेज अपलोड करें।
3. अभ्यर्थी अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज कलर फोटो व हस्ताक्षर जो कि नियत साईज में हो, अपलोड करें। गलत फोटो व हस्ताक्षर की दशा में परीक्षा प्रवेश पत्र व अन्य दस्तावेजों में गलत अनुसार ही प्रिन्ट होगा व परीक्षा के दौरान परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है। जिसका अभ्यर्थी स्वंय जिम्मेवार होगा।
4. यदि आप पूर्व में इस वि.वि. में नामाकित (Enrolled) है तो Yes दर्ज करें व कॉलम में इस वि.वि. का नामाकन क्रमांक (Enrolment No.) लिखें। यदि नहीं तो, No दर्ज करें।
   स्पष्टीकरणः– नामांकन से आशय है कि यदि अभ्यर्थी द्वारा वर्तमान कोर्स से पूर्व किसी अन्य विधि पाठ्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के किसी सम्बद्ध विधि महाविद्यालय में प्रवेश लिया है तथा अभ्यर्थी को वि.वि. द्वारा नामांकन क्रमांक वर्ष/क्रमांक जारी हुआ, तो उस नामांकन क्रमांक (Enrolment number) का उल्लेख करें अन्यथा नहीं का चयन करें।
5. अर्हकारी कक्षा (Eligibility class) से सम्बन्धित सूचना भरते समय अर्हकारी कक्षा की सही–सही जानकारी जिस अनुसार परीक्षा फार्म में मांगी गई है यथा कक्षा का नाम, रोल नं., अधिकतम अंक, प्राप्तांक, श्रेणी, CGPA (यदि हो तो) व प्रतिशत के अनुसार ही भरें। अर्हकारी कक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की गलत सूचना की दशा में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है, जिसका अभ्यर्थी स्वंय जिम्मेवार होगा।
6. परीक्षार्थी जिनके पूर्व वर्ष/सेमेस्टर के Due Papers/Improvement Paper हैं, वे परीक्षा आवेदन–पत्र भरते समय प्रश्न पत्रों का चयन सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फार्म भरने के पश्चात प्रश्न–पत्रों में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा।
7. परीक्षा आवेदन पत्र के साथ वांछित दस्तावेजों को सही तरीके/Clear Visibility से स्कैन कर अपलोड करें।
8. परीक्षा फांर्म के साथ मुद्रित शपथ–पत्र व सत्यापन उचित प्रकार से पढने के पश्चात् ही हस्ताक्षर करे।
9. समस्त वांछित दस्तावेजों की मूल व स्वप्रमाणित फोटो प्रति व प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति संलग्न करें। अपूर्ण दस्तावेजों के साथ फार्म स्वीकार्य नहीं होगा।
10. परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् परीक्षा फार्म की स्व–हस्ताक्षर मूल प्रति मय संलग्नको के साथ वि.वि. द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जावेगा। साथ ही भरे गये परीक्षा फार्म की एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।
11. परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संबंधित महाविद्यालय अथवा वि.वि. वेबसाईट से ही सम्पर्क करें।

(डॉ. नीरज जैन)
परीक्षा नियंत्रक